भारत सरकार

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1527**

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026

सोमवार, 20 माघ, 1947 (शक)

**एआई तत्परता के लिए कौशल विकास**

**1527. श्री केसिनेनी शिवनाथ: श्री बी.के. पार्थसारथी:**

**क्या कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) एआई तत्परता के लिए कौशल विकास (एसओएआर) कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षार्थियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सफलतापूर्वक प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके शिक्षार्थियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) एसओएआर के अंतर्गत नामांकित और प्रमाणित शिक्षकों/प्रशिक्षकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) एसओएआर कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल प्रशिक्षण साझेदारों या संस्थानों और अपनाए गए पात्रता मानदंड का ब्यौरा क्या है तथा इसकी अवधि कितनी है और क्या पाठ्‌यक्रम निर्धारित किया गया है; और

(ङ) सरकार द्‌वारा विशेषकर आंध्र प्रदेश के ग्रामीण और हाशिए पर स्थित समुदायों के बीच एसओएआर की पहुंच और भागीदारी बढ़ाने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

**(क), (ख) और (ग):** (क), (ख) और (ग) तक मांगे गए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आंकड़े **अनुबंध-I** में और आंध्र प्रदेश के जिला-वार आंकड़े **अनुबंध-II** में रखे गए हैं।

(घ) एसओएआर कार्यक्रम के अंतर्गत, एनसीवीईटी द्‌वारा मान्यता प्राप्त तीन अवार्डिंग बॉडीज-माइक्रोसॉफ्ट, एचसीएल टेक और आईटी-आईटीईएस क्षेत्र कौशल परिषद (नैसकॉम)–चार अनुमोदित पाठ्‌यक्रमों, अर्थात् एआई टू बी अवेयर, एआई टू एक्वायर, एआई टू एस्पायर और एआई फॉर एजुकेटर्स, को प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण भागीदार हैं। प्रत्येक पाठ्‌यक्रम के लिए पात्रता मानदंड, अवधि और विस्तृत पाठ्‌यक्रम राष्ट्रीय योग्यता रजिस्टर (एनक्यूआर) पर संबंधित पाठ्‌यक्रम शीर्षकों के अंतर्गत सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

(ङ) सरकार ने 'स्किलिंग फॉर एआई रेडीनेस (एसओएआर)' कार्यक्रम में जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर बहुआयामी प्रचार रणनीति अपनाई है। भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 1 जनवरी 2026 को शुरू की गई 'स्किल द नेशन चैलेंज' पहल को राष्ट्रव्यापी स्तर पर पहचान मिली और डिजिटल और मुख्यधारा मीडिया में इसका व्यापक प्रचार हुआ, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षार्थियों की जागरूकता और पंजीकरण में वृद्धि हुई।

एसओएआर एक ऑनलाइन कार्यक्रम होने के कारण, स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध), सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म, और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार और सहायता प्रदान की गई है, जिससे आंध्र प्रदेश सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के शिक्षार्थियों को समान अवसर मिल सकें। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम के तहत जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य कौशल विकास मिशनों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के समन्वय से जमीनी स्तर पर भी मोबिलाइजेशन अभियान चलाया जा रहा है।

**दिनांक 09.02.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1527 के भाग (क), (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध-I**

**एसओएआर और एआई फॉर एजुकेटर्स के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार नामांकित और प्रमाणित शिक्षार्थी (दिनांक 03.02.2026 तक)**

| **क्रम सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **कुल शिक्षार्थी (एसओएआर) (नामांकित)** | **कुल शिक्षार्थी (एसओएआर) (प्रमाणित)** | **एआई फॉर एजुकेटर्स (नामांकित)** | **एआई फॉर एजुकेटर्स (प्रमाणित)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 165 | 30 | 33 | 7 |
| **2** | **आंध्र प्रदेश** | **18,115** | **2,356** | **2,953** | **265** |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 185 | 40 | 19 | 3 |
| 4 | असम | 7,131 | 1,729 | 962 | 101 |
| 5 | बिहार | 13,139 | 987 | 2,167 | 151 |
| 6 | चंडीगढ़ | 186 | 21 | 26 | 10 |
| 7 | छत्तीसगढ | 3,776 | 494 | 503 | 46 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 2,712 | 804 | 872 | 388 |
| 9 | दिल्ली | 6,110 | 588 | 1,070 | 84 |
| 10 | गोवा | 193 | 15 | 40 | 2 |
| 11 | गुजरात | 6,514 | 615 | 1,256 | 123 |
| 12 | हरियाणा | 6,179 | 754 | 1,080 | 126 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2,134 | 297 | 375 | 28 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 2,834 | 283 | 513 | 38 |
| 15 | झारखंड | 4,027 | 302 | 729 | 70 |
| 16 | कर्नाटक | 9,868 | 1,446 | 1,336 | 115 |
| 17 | केरल | 4,846 | 897 | 761 | 75 |
| 18 | लद्दाख | 42 | 7 | 6 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 9 | 0 | 10 | 10 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 10,736 | 961 | 1,903 | 123 |
| 21 | महाराष्ट्र | 28,417 | 2,446 | 6,360 | 500 |
| 22 | मणिपुर | 1,261 | 540 | 164 | 31 |
| 23 | मेघालय | 463 | 84 | 113 | 20 |
| 24 | मिजोरम | 54 | 7 | 10 | 2 |
| 25 | नागालैंड | 103 | 7 | 23 | 5 |
| 26 | ओडिशा | 6,538 | 454 | 980 | 76 |
| 27 | पुदुचेरी | 292 | 52 | 69 | 12 |
| 28 | पंजाब | 3,698 | 552 | 653 | 73 |
| 29 | राजस्थान | 9,832 | 1,150 | 1,723 | 156 |
| 30 | सिक्किम | 99 | 6 | 19 | 2 |
| 31 | तमिलनाडु | 10,589 | 1,393 | 2,009 | 258 |
| 32 | तेलंगाना | 7,935 | 1,407 | 1,227 | 121 |
| 33 | त्रिपुरा | 1,027 | 268 | 125 | 12 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 36,668 | 4,388 | 5,688 | 197 |
| 35 | उत्तराखंड | 2,649 | 330 | 414 | 37 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 9,520 | 1,085 | 1,698 | 196 |
| | **कुल** | **2,18,046** | **26,795** | **37889** | **3463** |

**दिनांक 09.02.2026 को उत्तरार्थ लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1527 के भाग (क), (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध-II**

**आंध्र प्रदेश के लिए जिला-वार नामांकित और प्रमाणित शिक्षार्थी (दिनांक 05.02.2026 तक)**

| राज्य: आंध्र प्रदेश, 5 फरवरी तक | नैसकॉम | | एचसीएल टेक | | माइक्रोसॉफ्ट | | कुल नामांकित | कुल प्रमाणित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिलें | नामांकित | प्रमाणित | नामांकित | प्रमाणित | नामांकित | प्रमाणित | | |
| आदिलाबाद | 15 | 1 | 67 | 13 | 41 | 7 | 123 | 21 |
| अल्लूरी सीताराम राजू | 21 | 0 | 12 | 0 | 9 | 0 | 42 | 0 |
| अनकापल्ली | 14 | 0 | 52 | 4 | 58 | 8 | 124 | 12 |
| अनंतपुर | 78 | 9 | 351 | 48 | 680 | 95 | 1109 | 152 |
| अनंतपुरम | 39 | 2 | 125 | 14 | 194 | 23 | 358 | 39 |
| अन्नमय्या | 20 | 3 | 54 | 3 | 80 | 20 | 154 | 26 |
| बापतला | 16 | 0 | 54 | 3 | 43 | 5 | 113 | 8 |
| चित्तूर | 82 | 2 | 346 | 22 | 459 | 115 | 887 | 139 |
| कडप्पा | 67 | 6 | 238 | 12 | 273 | 48 | 578 | 66 |
| डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 9 | 2 | 34 | 5 | 17 | 0 | 60 | 7 |
| पूर्वी गोदावरी | 262 | 7 | 533 | 63 | 426 | 59 | 1221 | 129 |
| एलुरु | 21 | 3 | 61 | 9 | 58 | 8 | 140 | 20 |
| गुंटूर | 187 | 4 | 756 | 36 | 594 | 57 | 1537 | 97 |
| हैदराबाद | 44 | 0 | 186 | 65 | 167 | 28 | 397 | 93 |
| के.वी. रंगारेड्डी | 0 | 0 | 8 | 5 | 7 | 4 | 15 | 9 |
| काकीनाडा | 31 | 1 | 85 | 3 | 65 | 11 | 181 | 15 |
| करीम नगर | 12 | 0 | 43 | 8 | 61 | 15 | 116 | 23 |
| खम्मम | 18 | 2 | 74 | 12 | 98 | 12 | 190 | 26 |
| कोनासीमा | 2 | 1 | 4 | 0 | 12 | 1 | 18 | 2 |
| कृष्ण | 130 | 8 | 595 | 57 | 457 | 61 | 1182 | 126 |
| कुरनूल | 94 | 3 | 391 | 32 | 1028 | 553 | 1513 | 588 |
| महबूब नगर | 3 | 1 | 41 | 15 | 29 | 7 | 73 | 23 |
| मेडक | 9 | 0 | 47 | 10 | 52 | 12 | 108 | 22 |
| एन. टी. आर | 24 | 1 | 56 | 3 | 50 | 3 | 130 | 7 |
| नलगोंडा | 11 | 0 | 80 | 10 | 54 | 5 | 145 | 15 |
| नांदयाल | 18 | 2 | 51 | 8 | 69 | 20 | 138 | 30 |
| नेल्लोर | 65 | 4 | 262 | 19 | 531 | 63 | 858 | 86 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| निजामाबाद | 3 | 0 | 17 | 2 | 17 | 4 | 37 | 6 |
| कोई नहीं | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| एनटीआर | 16 | 0 | 70 | 6 | 53 | 6 | 139 | 12 |
| प्लांडु | 21 | 1 | 76 | 6 | 67 | 10 | 164 | 17 |
| पार्वतीपुरम मन्यम | 9 | 1 | 23 | 2 | 43 | 3 | 75 | 6 |
| प्रकाशम | 111 | 6 | 364 | 31 | 740 | 100 | 1215 | 137 |
| रंगारेड्डी | 39 | 3 | 147 | 48 | 125 | 35 | 311 | 86 |
| एसपीएसआर नेल्लोर | 4 | 0 | 24 | 4 | 18 | 5 | 46 | 9 |
| श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 18 | 0 | 67 | 2 | 83 | 5 | 168 | 7 |
| श्री सत्य साई | 20 | 4 | 74 | 10 | 128 | 13 | 222 | 27 |
| श्रीकाकुलम | 120 | 2 | 268 | 17 | 531 | 35 | 919 | 54 |
| तिरुपति | 33 | 0 | 93 | 11 | 107 | 16 | 233 | 27 |
| विशाखापत्तनम | 162 | 9 | 473 | 22 | 573 | 66 | 1208 | 97 |
| विजयनगरम | 102 | 1 | 225 | 9 | 579 | 16 | 906 | 26 |
| वारंगल | 29 | 0 | 88 | 3 | 106 | 6 | 223 | 9 |
| पश्चिम गोदावरी | 73 | 2 | 307 | 21 | 260 | 35 | 640 | 58 |
| वाई.एस.आर. | 29 | 1 | 70 | 4 | 66 | 6 | 165 | 11 |
| **कुल योग** | **2081** | **92** | **6993** | **677** | **9108** | **1601** | **18182** | **2370** |

*****